राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 26 जनवरी। 73वें गणतंत्र दिवस पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज प्रात: 8.00 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

श्री डोटासरा ने उपस्थित कांग्रेसजनों को 73वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के दिन हमारे देश ने बाबा साहेब डॉ. बी. आर. अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान को अंगीकार किया था। उन्होंने कहा कि हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के अथक परिश्रम एवं दी गई कुर्बानियों के परिणाम स्वरूप देश को आजादी मिली। उन्होंने कहा कि देश में स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई से लेकर आज के स्वर्णिम भारत के निर्माण में कांग्रेस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि आज केन्द्र में फासीवादी ताकतें सत्ता में बैठी है जिनका संविधान एवं संवैधानिक संस्थाओं में कोई विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि दु:ख की बात है कि आज जो सरकार केन्द्र में बैठी है वो संविधान के प्रावधानों को तार-तार कर रही है तथा जिन संवैधानिक संस्थाओं पर समाज को न्याय दिलवाने एवं एकजूट रखने की जिम्मेदारी है उन संस्थाओं का दुरूपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस सभी कांग्रेसजनों के लिए संकल्प लेने का अवसर है कि संविधान का सम्मान नहीं करने वाली ताकतों से सत्य एवं अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए मुकाबला करना है। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेसजन संविधान की मर्यादा में रहते हुए फासीवादी ताकतों के खिलाफ संघर्ष कर देश की एकता एवं लोकतंत्र को बचाने हेतु कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान, प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष श्री सीताराम अग्रवाल, सचिव श्री ललित तूनवाल, श्री रामसिंह कस्वां, श्री जसवंत गुर्जर, श्री पुष्पेन्द्र भारद्वाज, श्री राजेन्द्र यादव, श्री देशराज मीणा, श्री महेन्द्र सिंह खेड़ी, प्रवक्ता श्री स्वर्णिम चतुर्वेदी, श्री आर. सी.

Created by Universal Document Converter

चौधरी, वक्फ चेयरमेन डॉ. खानू खां बुधवाली, आरसीए चेयरमेन श्री वैभव गहलोत, पूर्व मंत्री श्री बृजकिशोर शर्मा, पूर्व विधायक श्री गंगासहाय शर्मा, श्री मुमताज मसीह, डॉ. अर्चना शर्मा, श्री अनिल पारीक, श्रीमती ज्योति खण्डेलवाल, श्री सुरेश चौधरी, श्री गोपाल केसावत, श्री राजेश चौधरी, श्री अयूब खान, पं. सुरेश मिश्रा, श्री मोहन डागर, श्री अब्दुल रज्जाक भाटी, श्री सुरेन्द्र लाम्बा, पं. पुरूषोत्तम भारती, श्री रामकरण कुमावत, श्री पुरूषोत्तम कौशिक, श्री सुनील आमेरिया, श्री कुलदीप सिंह पूनियां, श्री राजेन्द्र आर्य, श्री नरेश चौधरी, श्री हवासिंह बुगालिया, श्री पंकज दाधीच, श्रीमती अंजुम खान, श्री बाबूलाल सेन, श्री राजेन्द्र अडवाना तथा श्री सत्येन्द्रसिंह जादौन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter